प्रादेशिक समाचार
दिनांक–23.06.2024 (संध्या 1900 बजे)

मुख्य समाचार

1. केंद्र में नई सरकार के गठन के बाद संसद का पहला सत्र कल से, प्रोटेम स्पीकर के तौर पर सांसद भर्तृहरि महताब नवनिर्वाचित लोकसभा सांसदों को दिलाएंगे शपथ।
2. नीट परीक्षा में गड़बड़ी के आरोपों के बीच राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी के प्रमुख सुबोध कुमार सिंह को पद से हटाया गया।
3. केंद्रीय मंत्री और झारखंड के लिए भाजपा के चुनाव प्रभारी, शिवराज सिंह चौहान ने कहा – भाजपा, झामुमो के नेतृत्व वाले गठबंधन को सत्ता से हटाकर राज्य में बनायेगी अगली सरकार।

और

4. मौसम विभाग का पुर्वानुमान – राज्य के संथालपरगना सहित सभी जिलों में कल से हो सकती है बारिश।

*******************

केंद्र में नई सरकार के गठन के बाद संसद का पहला सत्र कल से शुरू होगा। सत्र के दौरान प्रोटेम स्पीकर के तौर पर नियुक्त किए गए वरिष्ठ भाजपा सांसद भर्तृहरि महताब नवनिर्वाचित लोकसभा सांसदों को शपथ दिलाएंगे। नए लोकसभा अध्यक्ष का चुनाव इस महीने की 26 तारीख को होगा, वहीं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 27 जून को लोकसभा और राज्यसभा की संयुक्त बैठक को संबोधित करेंगी। इस महीने की 27 तारीख को राज्यसभा का सत्र शुरू होगा और संसद सत्र अगले महीने की तीन तारीख को समाप्त होगा।

*******************

गृह मंत्री अमित शाह ने आज नई दिल्ली में देश में बाढ प्रबंधन की तैयारियों पर एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की। बैठक में जल शक्ति मंत्री सी.आर. पाटिल, गृह राज्य मंत्री नित्यानन्द रॉय तथा विभिन्न मंत्रालयों और विभागों के सचिवों ने भाग लिया और हाल में झारखण्ड, हिमाचल प्रदेश, सिक्किम सहित विभिन्न राज्यों में हुई भूस्खलन और बाढ से जुडी कई घटनाओं के प्रबंधन कार्यों की समीक्षा की गई।

*******************

परीक्षा परिणामों को लेकर उठे विवाद के बीच राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी–एनटीए के महानिदेशक सुबोध कुमार सिंह को उनके पद से हटा दिया गया है। भारतीय व्यापार संवर्धन संगठन के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक प्रदीप सिंह खरोला को एन.टी.ए. महानिदेशक का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। साथ ही शिक्षा मंत्रालय ने कथित अनियमितताओं की जांच केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो को सौंप दी है। मंत्रालय ने कहा कि यदि कोई व्यक्ति या संगठन इसमें लिप्त पाया जाता है तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी ने पांच मई को नीट यूजी परीक्षा आयोजित की थी। परिणाम आने के बाद परीक्षा में अनियमितता और जालसाजी के आरोप लगे थे।

*******************

नीट–यूजी परीक्षा 2024 में ग्रेस मार्क्स पाने वाले एक हजार 563 विद्यार्थियों की आज पुनर्परीक्षा ली गई। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी– एनटीए की ओर से यह परीक्षा दोपहर दो बजे से शाम पांच बज कर 20 मिनट तक चली। एनटीए के अनुसार, पुनर्परीक्षा नहीं देने वाले विद्यार्थियों के परिणाम

पिछले महीने की पांच तारीख़ को हुई परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर ही घोषित किये जाएंगे। इस बीच, आज होने वाली मेडिकल स्नाकोत्तर प्रवेश परीक्षा नीट–पीजी स्थगित कर दी गई थी। परीक्षा की नई तिथि शीघ्र ही घोषित की जाएगी। यह निर्णय कुछ प्रतियोगी परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं के आरोपों के बाद लिया गया है।

*******************

मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने आज पूर्वी सिंहभूम जिले के घाटशिला में 117 करोड़ रुपये की परिसंपतियों का वितरण और योजनाओं का शिलान्यास किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने केंद्र सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि झारखंड की जनता को केंद्र सरकार ने हमेशा ठगने का काम किया है। उन्होंने सरकारी स्कूलों को बंद करने, छात्रों की छात्रवृत्ति कम करने और प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत आवंटन नहीं देने का भी आरोप केंद्र सरकार पर लगाये। मुख्यमंत्री ने राज्य सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए जनहित की योजनाओं को लागू करने की बात कही। कार्यक्रम में पोटका विधायक संजीव सरदार, घाटशिला विधायक रामदास सोरेन, बहरागोड़ा विधायक समीर मोहंती सहित झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

*******************

आगामी विधानसभा चुनाव के लिए गोड्डा जिला प्रशासन ने तैयारी शुरू कर दी है। और ब्यौरा के साथ हमारे संवाददाता –

साउंड बाईट––– रंजन कुमार, गोड्डा ––47 सेकेंड

*******************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी

वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज

All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।

प्रादेशिक समाचार आप आकाशवाणी रांची से सुन रहे हैं।

शेष समाचार इस विराम के बाद।

प्रादेशिक समाचार में आपका फिर स्वागत है।

*******************

केंद्रीय मंत्री और झारखंड के लिए भाजपा के चुनाव प्रभारी, शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि भाजपा झामुमो के नेतृत्व वाले गठबंधन को सत्ता से उखाड़ कर राज्य में अगली सरकार बनाएगी। श्री शिवराज और असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा, जो झारखंड के लिए भाजपा के चुनाव सह–प्रभारी हैं, ने इस साल के अंत में राज्य में होने वाले विधानसभा चुनावों के लिए रणनीति तैयार करने के लिए रांची में पार्टी के नेताओं, विधायकों, सांसदों और कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। .श्री शिवराज ने कहा कि भाजपा ने हाल ही में संपन्न लोकसभा चुनावों में झारखंड में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, जहां उसने आठ सीटें जीतीं और उसकी सहयोगी आजसू पार्टी को एक सीट मिली। उन्होंने कहा कि संसदीय चुनाव में पार्टी को 81 विधानसभा सीटों में से 52 पर बढ़त मिली है। उन्होंने कहा कि राज्य ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तीसरे कार्यकाल को सुरक्षित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई

*******************

सरायकेला–खरसावां ज़िले के गम्हरिया प्रखंड स्थित बुरूडीह गांव में प्रस्तावित डिग्री कॉलेज के लिए चयनित स्थल का ग्रामीणों ने विरोध किया है, और योजना का निर्माण स्थल परिवर्तन करने की मांग की है। इस मामले में आज हुई ग्राम सभा में ग्रामीणों और कॉलेज समर्थकों के बीच तनातनी हो गई। मौके पर मौजूद गम्हरिया अंचल अधिकारी कमल किशोर सिंह ने बताया कि निर्धारित स्थल पर पांच एकड़ सरकारी भूमि चिन्हित किया गया है। करीब 39 करोड़ की लागत से डिग्री कॉलेज का निर्माण किया जाना है।

*******************

गुमला जिले की पुलिस ने नशीला पदार्थ बेचने के आरोप में शहर के जिला स्कूल मैदान से एक युवक को गिरफ्तार किया। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सुरेश प्रसाद यादव बताया कि पुलिस की छापामारी दल को देखकर आरोपी भाग रहा था। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार किया गया युवक पूर्व में भी एनडीपीएस एक्ट में जेल जा चुका है।

*******************

राज्य में 24 और 25 जून को मौसम एक बार फिर से करवट लेने वाला है। किसानों को सावधान रहने की सलाह दी गई है। मौसम विभाग ने बताया कि दक्षिण–पश्चिम मानसून धाराएं संथाल परगना के कुछ हिस्सों में प्रवेश कर चुकी हैं जिसके चलते अब राज्य में मूसलाधार बारिश हो सकती है।

*******************

चतरा जिला मुख्यालय स्थित जवाहर स्टेडियम में आज से तीन दिवसीय 63 वीं सुब्रतो कप फुटबाल प्रतियोगिता की शुरूआत हुई। प्रतियोगिता का उद्घाटन उद्योग और श्रम मंत्री सत्यानंद भोगता ने किया। मौके पर श्रम मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार खेल और खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए कई योजनाएं चला रही हैं। प्रतियोगिता में जिले के सभी प्रखंडों से किशोर उम्र के खिलाड़ी भाग ले रहे हैं।

*******************

अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक दिवस के अवसर पर सरायकेला जिला मुख्यालय के बिरसा मुंडा स्टेडियम मैं क्रॉस कंट्री रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसका शुभारंभ मुख्य अतिथि के रूप में नगर पंचायत के पूर्व उपाध्यक्ष मनोज कुमार चौधरी ने किया। इस प्रतियोगिता में लगभग 100 वालक–बालिकाओं ने भाग लिया। इस अवसर पर जिले के विभिन्न खेल संघों के सचिव भी उपस्थित थे।

*********समाप्त*********